तापमान
अधिकतम 19.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023

10 हत्या के मामले में एसआईटी गठित करने का निर्देश



10 कांग्रेसियों ने झंडा फहराकर मनाया स्थापना दिवस



## खबर संक्षेप

### आग में गिरने से बच्ची झुलसी, पीजीआई रेफर

**अंबाला।** अशहर के विश्वकर्मा मंदिर के पास कंच घर के पास रहने वाले सोहेल और उसकी पत्नी खुर्शीदा काम पर चली गई थी। ठंड से बच्चों को बचाने के लिए तसला में अलाव जला गए थे। पीछे से खेलते हुए साढ़े 4 साल की खुशबू आग की चपेट में आ गई। चिल्लाने की आवाज सुन पड़ोसन आशा ने बच्ची को बचाया। परिजन बच्ची को सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों के मुताबिक, बच्ची 60 फीसदी तक झुलस गई थी। गंभीर हालत को देखते हुए बच्ची को पीजीआई भेजा गया है।

### खेत में कीटनाशक स्प्रे करते किसान की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह में खेत में कीटनाशक दवा का स्प्रे करते समय सतीश शर्मा के शरीद पर इसका दुप्रभाव हो गया और वह अचेत होकर नीचे गिर गया। सतीश को उसके भाई यशपाल भारद्वाज व अन्य लोगों, निजी अस्पताल ले गए। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे किसी दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजन सिविल अस्पताल ले गए, जहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### ट्राली चोर गिरोह के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना बापौली पुलिस ने ट्राली चोर गिरोह के दो आरोपियों सौरभ पुत्र बिजेंद्र निवासी नया गांव सहारनपुर यूपी व सुमित पुत्र इसमपाल निवासी गोयला खुर्द जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। थाना बापौली प्रभारी सब इंस्पेक्टर अतर सिंह ने बताया कि आरोपियों ने ट्रैक्टर के पीछे बंधी ट्राली 20 दिसम्बर की रात गांव बेगमपुर ताहरपुर में प्लाट से चोरी करने बारे स्वीकारा। चोरी की वारदात बारे थाना बापौली में सतीश पुत्र रणजीत निवासी बेगमपुर ताहरपुर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

### हत्या के मामले में तीन नाबालिग आरोपी काबू

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने नाबालिग आदित्य मर्डर मामले के तीन नाबालिग आरोपियों को संरक्षण में लिया है। गुमथलागढू वासी नाबालिग शुभकरण ने बताया कि 26 दिसम्बर को वह अपने दोस्तों के साथ अनाज मंडी गुमथलागढू में गुल्ली डंडा खेलने गए थे। कुछ लड़के आए और आदित्य और उसके ऊपर डंडों व चाकू से हमला कर दिया। वह तथा आदित्य घायल हो गए। पेहवा हस्पताल में ले जाने पर आदित्य की मौत हो गई। गुमथलागढू वासी तीनों नाबालिग आरोपियों को काबू करके सरक्षण में लिया गया।

### ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से युवक की मौत

**यमुनानगर।** बूड़िया निवासी संजीव कुमार ने शिकायत दी है कि उसके भाई प्रदीप का बेटा साहिल 24 दिसंबर को एक्टिवा पर अपनी बीमार नानी से मिलने के लिए कांसापुर जा रहा था। पीछे से ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने उनके भतीजे की एक्टिवा को टक्कर मार दी। इसमें उसका सिर सड़क पर लगा। उसे अस्पताल में लेकर गए। जहां से उसे पीजीआई रेफर कर दिया गया, लेकिन वह मुलाना मेडिकल कालेज में लेकर गए। जहां पर उपचार के दौरान उनके भतीजे की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

### जेजेपी संगठन को लेकर पदाधिकारियों को निर्देश

**पिहोवा।** जननायक जनता पार्टी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष प्रो रणधीर सिंह के पिहोवा स्थित अपने कार्यालय में गुरुवार को जजपा की सदस्यता अभियान के लिए पदाधिकारियों को संबोधित किया। प्रो. सिंह ने संगठन मजबूत करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। पिछले चार साल में जजपा का संगठन लगातार मजबूत हुआ है और सरकार में रहते हुए बड़े.स्तर पर समाज हित के कार्य किए हैं।

---

बकाया को लेकर किसानों का विरोध प्रदर्शन व धरना जारी

# गन्ना मिल की कुर्की के लिए प्रबंधन को ठहराया जिम्मेदार

■ अपने हक की लड़ाई जारी रखेंगे किसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणगढ़



**नारायणगढ़।** बकाया की मांग को लेकर धरने पर बैठे गन्ना किसान। *फोटो : हरिभूमि*

शुगर मिल की कुर्की और गन्ना किसानों के बकाया को लेकर भारतीय किसान यूनियन शाहिद भगत सिंह और संयुक्त किसान मजदूर इंकलाब यूनियन के द्वारा शुरू किया गया धरना वीरवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। पूरे दिन धरना स्थल पर किसानों की आ वा जा ही लगी रही। कड़ी धुंध और कोहरे के बावजूद भी किसान मोर्चे पर डटे रहे। भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के उपाध्यक्ष वक्रिम राणा ने कहा कि किसानों के बकाया पेमेंट पर ही नहीं बल्कि जो मिल ने किसानों के नाम पर ऋण ले रखा है उस सारे पैसे पर तलवार लटकती नजर आ रही है। अगर मिल कुर्क होती है तो किसानों के पैसे का जम्मिेदार कौन होगा इसलिए धरना शुरू किया गया और आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील की वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में धरना में शामिल हो। संयुक्त किसान मजदूर इंकलाब यूनियन के अध्यक्ष धर्मवीर ढींडसा ने धरनास्थल पर मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा गठबंधन सरकार किसान विरोधी है एक तरफ विकसित भारत की बात करती है दूसरी तरफ किसानों को उनकी फसलों की कीमत भी नहीं देती। शुगर मिल किसानों के लिए बड़ी मुसीबत का कारण बन चुकी है।

### अपनी जिम्मेदारी से भाग रही सरकार

सरकार कांट्रेक्ट फार्मिंग के तहत किसानों को बकाया दिलवाने की जि़म्मेदारी से भागना चाहती है। मिल प्रशासन की देखरेख में चल रहा है लेकिन किसानों को धोखे में रखा गया ओर बताया नहीं गया कि सुप्रीम कोर्ट की कमेटी ने मिल की कुर्की के आदेश जारी हो चुके हैं। अगर गन्ना किसानों का पिछले वर्ष का बकाया और इस साल जो 50 करोड़ से ज्यादा का गन्ना मिल को दे चुके हैं और जो मिल ने किसानों के नाम पर धोखाधड़ी से 35 करोड़ का ऋण लिया हुआ है। अगर मिल कुर्क होता है उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? यह भी प्रशासन मिल प्रबंधन और सरकार साफ करने में विफल रही। संघर्ष मिल कुर्की व बकाया की लड़ाई है हक सच की लड़ाई है और जारी रहेगी।

### बकाया दिलाने की मांग

इस अवसर पर अनेक किसान मौजूद रहे और सभी किसानों ने सरकार से मांग की कि वह मिल के मामले में उचित कदम उठाए और किसानों का साथ देते हुए उनके बकाए का भुगतान करें।

---

# राजकीय स्कूल ने जीता 30 हजार का इनाम



**पानीपत।** राजकीय स्कूल तहसील कैंप के विजेता विद्यार्थी अपने टीचर्स के साथ।

■ कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**पानीपत।** हरियाणा राज्य स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तहसील कैंप स्कूल को तीस हजार का ईनाम प्राप्त हुआ है। इस प्रतियोगिता का आयोजन कुरुक्षेत्र में हुआ था। जिसमें हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड एवं सीबीएससी स्कूल की 12-12 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा स्टेट कॉउन्सिल फॉर साइंस इनोवेशन-टेक्नोलॉजी पंचकूला द्वारा करवाया गया था। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तहसील कैंप पानीपत के नावेद, लक्ष्मी, आर्यन ने इस प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन तीनों विद्यार्थियों को 30000 का नगद ईनाम, प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं इन विद्यार्थियों को तैयार करने में पीनाज व दीपक को भी राज्य स्तर पर प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। वहीं आज स्कूल प्रांगण में पहुंचने पर विद्यार्थियों एवं विज्ञान अध्यापकों का प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र, डॉ.जोगिन्द्र सिंह, डॉ.आर.के.गर्ग पूर्व प्रवक्ता रसायन विज्ञान द्वारा सम्मानित किया गया।

---

# शादी का झांसा देकर 5 साल यौन शोषण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

शादी का झांसा देकर एक लड़की से 5 साल तक आरोपी दुष्कर्म करता रहा। अब आरोपी ने शादी से भी इंकार कर दिया। इसी वजह से पुलिस ने लड़की की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी का नाम जितेंद्र बताया जा रहा है कि जोकि अंबाला छावनी के टांगरी बांध एरिया का रहने वाला है। पीड़िता के मुताबिक, जब उसने शादी के लिए दबाव डाला तो युवक ने उसका नंबर ब्लैकलिस्ट में डाल दिया। वशष्ठि नगर में रहने वाली लड़की ने बताया कि उसके परिवार का दूर का रश्तिेदार जितेंद्र टांगरी बांध एरिया में अपनी बहन के घर रहता है। लगभग पांच साल पहले उसकी जितेंद्र से दोस्ती हो गई और

**युवक ने शादी से इनकार कर पीड़िता का मोबाइल नंबर ब्लैकलिस्ट में डाला जान से मारने की धमकी**

दोनों एक-दूसरे से मिलने लगे। लड़की ने बताया कि 25 मई 2018 को जितेंद्र ने उसे फोन करके अपनी बहन के घर बुलाया और कहा कि हम जल्दी ही शादी कर लेंगे। उसी दिन जितेंद्र ने पहली बार उससे शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद आरोपी ने उससे कई बार संबंध बनाए।

लड़की के मुताबिक, आरोपी उसे लगातार शादी का झांसा देता रहा। 17 मार्च 2023 को आखिरी बार जितेंद्र उसे अंबाला कैंट से अपनी बाइक पर पानीपत ले गया। यहां बस स्टैंड के पास एक होटल में कमरा लेकर उससे फिर संबंध बनाए। पीड़िता के मुताबिक, जब उसने शादी के लिए दबाव बढ़ाना शुरू किया तो एक दिन जितेंद्र ने उसे बताया कि घरवाले तो शादी के लिए राजी थे मगर उसके जीजा इस रश्तिे से खुश नहीं है।

उन्होंने परिवार को भड़का दिया है इसलिए अब उनकी शादी नहीं हो सकती। लड़की के मुताबिक जब उसके परिवार ने जितेंद्र के घरवालों से बात की तो उन्होंने शादी से दो टूक मना कर दिया। आरोपियों ने उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। जितेंद्र ने उसका मोबाइल नंबर भी ब्लैकलस्टि में डाल दिया है। पुलिस अब आरोपी को तलाश रही है।

---

# नशा तस्कर 11.80 ग्राम हेरोइन समेत गिरफ्तार

■ पड़ोसी की बाइक मांगकर नशे की तस्करी कर रहा था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

शहर की ईश्वर नगर कॉलोनी में नशीले पदार्थ की तस्करी कर रहे युवक को एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 11.80 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

एंटी नारकोटिक सेल के इंचार्ज बलराज सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि एक युवक बाइक पर सवार होकर नशे की खेत बेचने के लिए ईश्वर नगर से गुजरेगा। गुप्त सूचना के आधार पर सब



यमुनानगर की एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक।

इंस्पेक्टर ओमप्रकाश, एएसआई ऋषिपाल, बीरबल, राजेंद्र, प्रदीप व कमल की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जान शुरू कर दी। कुछ देर बाद पुलिस टीम को एक युवक बाइक पर आता दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर आरोपी युवक बाइक को पीछे मोड़कर भागने लगा। मगर पुलिस टीम ने आरोपी का पीछा कर उसे पकड़ लिया। पुलिस टीम ने मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट आबकारी और काराधान विभाग के ईटीओ रमनजीत को बुलाया। उनके सामने पकड़े गए युवक की तलाश से ली तो उसके पास से 11 ग्राम 80 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी युवक की पहचान ससोली माजरी स्थित तिलक नगर निवासी राकेश उर्फ गट्टू के नाम से हुई।

इंचार्ज बलराज ने बताया कि आरोपी पर पहले भी नशे की तस्करी का एक मामला दर्ज है। आरोपी एक महीने से नशे की तस्करी का काम कर रहा था। आरोपी पड़ोसी की बाइक मांगकर नशीले पदार्थ की तस्करी कर रहा था।

---

# ज्वेलर के घर में घुसे दो बदमाश दबोचे, पुलिस के हवाले किए

■ बदमाश अपनी यूपी नंबर की मोटरसाइकिल वहीं छोड़ गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| घरौंडा

अग्रसेन कॉलोनी स्थित एक ज्वेलर की कोठी में दो बदमाश घुस गए। वारदात की नियत से घुसे दोनों बदमाशों की पूरी करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बदमाशों को देखते ही घर की महिलाओं ने शोर मचा दिया और दोनों बदमाशों को मौके पर ही धर दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया।

शहर के वार्ड नंबर 7 स्थित ओम ज्वेलर्स के मालिक प्रमोद कुमार ने बताया कि बुधवार की रात करीब 8 बजे धुंध ज्यादा होने के कारण गली में आवागमन कम था। इसी दौरान दो युवक उनके घर के अंदर प्रवेश कर गए। घर के अंदर प्रवेश होते हुए दोनों बदमाशों द्वारा कुछ हलचल करने की पूरी कार्रवाई सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसी दौरान जैसे ही वह अपने घर पहुंचा तो देखा कि बाहर तीन युवक खड़े हैं। जब उनसे यहां खड़े होने का कारण पूछा तो वे भाग गए। उसने अपने घर के अंदर प्रवेश किया तो दो अन्य बदमाश बाहर भागने की कोशिश करने लगे। जिससे उन्होंने शोर मचा दिया और दोनों बदमाशों को मौके पर ही धर दबोचा। शोर सुनते ही आसपास के लोग भी काफी मात्रा में एकत्रित हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों बदमाशों को अपने साथ थाने में ले गई। मकान मलिक प्रमोद कुमार ने बताया कि भागते हुए बदमाश अपनी यूपी नंबर की मोटरसाइकिल वहीं छोड़ गए हैं।

---

# नॉर्मल डिलीवरी के बाद भी जच्चा-बच्चा की मौत

■ परिजनों ने की पोस्टमार्टम न करने की गुजारिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

पानीपत में एक निजी अस्पताल में नॉर्मल डिलीवरी के बाद जच्चा व बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। डिलीवरी के एक घंटे बाद डॉक्टर ने परिजनों को अचानक उनकी हालत खराब होने के बारे में बताया था। मां-बच्चे को तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोनों का पंचनामा भरवा कर बॉडी पोस्टमार्टम के लिए रखी गई है। वहीं, परिजनों के मन में दोनों की मौत के कारण को जानने की जिज्ञासा जरूर हुई, मगर किसी तरह की कार्रवाई न करवाने के चलते उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से पोस्टमार्टम न करने की गुजारिश भी की है। मामले में अब आगे की कार्रवाई चल रही है। वहीं नरेंद्र निवासी हॉली कालोनी, पानीपत ने बताया कि उसकी पत्नी 30 वर्षीय रूमा कुमारी गर्भवती थी। प्रसव पीड़ा के बाद उसे सनौली रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। बुधवार देर रात करीब दो बजे रूमा की नॉर्मल डिलीवरी हुई। इस दौरान उसने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। जन्म के बाद डॉक्टरों ने जच्चा बच्चा दोनों को पूर्णतया स्वस्थ होने की भी बात कही थी। परिवार ने भी दोनों को देखा भी था। वहीं, करीब एक घंटे बाद डॉक्टर ने उनको बताया कि जच्चा बच्चा की अचानक तबीयत खराब हो गई है। साथ ही दोनों को रेफर कर दिया। आनन-फानन में परिजन उनको सरकारी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### निजी अस्पताल में महिला की मौत

■ मृतका की पित्त की थैली का हुआ था ऑपरेशन

**पानीपत।** पानीपत शहर में बरसत रोड स्थित एक निजी अस्पताल में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला को उसके परिजन अचेत हालत में सिविल अस्पताल आए थे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव का पंचनामा भरवा कर शवगृह में रखवाया गया। वहीं यूपी के शामली निवासी गुलफाम ने बताया कि 55 वर्षीय मुनेश निवासी राजीव कॉलोनी, पानीपत उनकी सास है। मुनेश का कई दिन पहले बरसत रोड स्थित एक निजी अस्पताल में पित्त की थैली का ऑपरेशन हुआ था। ऑपरेशन दूरबीन की सहायता से हुआ था। लेकिन इसके बाद उसकी सास की उल्टियां बंद नहीं हुई थी। इसके चलते बुधवार सुबह फिर से उसकी सास को निजी अस्पताल में ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने एक टेस्ट कराने को बोला। टेस्ट के बाद डॉक्टरों ने 25 हजार रुपए टेस्ट फीस बताई। उसका कहना है कि डॉक्टर एक लाख रुपए टोटल फीस बताते हुए उसकी सास को ऑपरेशन थिएटर ले गए। अस्पताल में मुनेश का बड़ी आंत का ऑपरेशन किया गया। इस ऑपरेशन के बाद से मुनेश को होश नहीं आया। परिजन लगातार डॉक्टर से उसके होश में आने का वक्त पूछते रहे, लेकिन डॉक्टरों ने कोई भी स्पष्ट जवाब नहीं दिया। संदेह होने पर परिजनों ने खुद उसकी सांस को चेक किया, तो वह मृत मिली। डॉक्टरों ने वैंटिलेटर पर सांस आने की बात कहते हुए परिजनों को फिर टालने की कोशिश की। परिजन उसे सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

---

### सांसद पंवार बने मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक

**पानीपत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किये हैं। कार्यक्रम 31 दिसंबर को प्रसारित किया जाएगा और यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 108वीं कड़ी होगी।



इसके लिए गांव थिराना स्थित ज्ञान मानसरोवर में कार्यक्रम रखा गया है। राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व मंत्री कृष्ण लाल पंवार को इस कार्यक्रम का प्रदेश संयोजक बनाया गया है। पंवार ने बताया कि वह अपने आप को सौभाग्यशाली मानता है कि उसे संगठन व पार्टी ने प्रधानमंत्री मोदी के इतने बड़े कार्यक्रम के लिए प्रदेश संयोजक की जिम्मेदारी दी है। इसके लिए उन्होंने संगठन व मुख्यमंत्री मनोहर का धन्यवाद किया।

---

जनेतपुर में डेढ़ एकड़ में आबाद हो रही थी अवैध कॉलोनी

# डीटीपी के पीले पंजे ने ढहाया अवैध निर्माण

■ कच्ची मिट्टी की सड़कों के जाल को किया पूरी तरह ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

जिला नगर योजनाकार के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने गांव जनेतपुर में आबाद हो रही अवैध कॉलोनी में हुए निर्माण को ढहा दिया। यहां जेसीबी के जरिए कच्ची मिट्टी की सडक़ों के जाल के साथ दूसरे निर्माण पूरी तरह से मिट्टी में मिला दिए गए।

मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, सहायक नगर योजनाकार राजेश कुमार, कनष्ठि अभियंता रवद्रिं भारी पुलिस बल के साथ मौका पर



**अंबाला।** अवैध कॉलोनी में कच्ची सड़कें तोड़ती जेसीबी।

उपस्थित रहे। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि यह करीब डेढ़ एकड़ में अवैध कॉलोनी आबाद हो रही थी। कॉलोनाइजर यहां लोगों को सस्ते प्लाट बेचकर लूटने का काम कर रह थे। उन्होंने बताया कि यह कॉलोनी पूरी तरह से अवैध है। इसमें प्लाट खरीदना व बेचना पूरी तरह से गैरकानूनी है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसी किसी कॉलोनी में जमीन की खरीद फरोख्त न करें। अगर चेतावनी के बावजूद कोई ऐसा करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि यहां प्रॉपर्टी डीलर कॉलोनी के रेगूलर होने का झांसा देकर प्लाट बेच रहे थे।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा रिहायशी जोन में दीन दयाल जन आवास योजना के तहत 5 एकड़ में रिहायशी कॉलोनी विकसित करने हेतु पॉलिसी जारी की हुई है। इसमें ईडीसी के चार्जेस न के बराबर हैं। अवैध कॉलोनी काटने वालों से अनुरोध है कि उपरोक्त पॉलिसी के तहत सरकार से नियमानुसार अनुमति लेकर कॉलोनी विकसित करें ताकि शहर को सुव्यस्थित तरीके से विकसित किया जा सके।

---

### सीएम फ्लाइंग ने आरटीए ऑफिस में रिकार्ड खंगाला

**पानीपत।** मुख्यमंत्री के उडन दस्ते यानि सीएम फ्लाइंग ने वीरवार की सुबह पानीपत के रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी यानि आरटीए कार्यालय में छापा मारा। सीएम फ्लाइंग के छापे से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। सीएम फ्लाइंग सुबह नौ बजे आरटीए आफिस पहुंच गई, तब तक अधिकारी अधिकारी व कर्मचारी भी कार्यालय नहीं पहुंचे थे। वहीं सीएम फ्लाइंग की टीम ने दफ्तर में जाते ही सबसे पहले हाजिरी रजिस्ट्रर को चेक किया। वहीं जांच के दौरान सीएम फ्लाइंग ने आरएटी के सभी स्टाफ के मोबाइल फोन बंद करवा दिए।सीएम फ्लाइंग टीम का कहना है कि पानीपत जिला प्रशासन व आमजन से लगातार आरटीएम कार्यालय में अनियमितताओं की शिकायत मिली थी। कर्मचारियों के देरी से ड्यूटी पर आने की शिकायतें शामिल हैं। अनेक बिन्दुओं को लेकर यहां रेड़ की गई है।

---

# अयोध्या के लिए चलाई जाएंगी स्पेशल ट्रेन

■ जल्द जारी होगा शेड्यूल एक्स्ट्रा काउंटर भी लगेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर रेलवे की ओर से भी यात्रियों के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का नर्णिय लिया गया है। अंबाला रेल मंडल की ओर से आगामी 22 जनवरी से हरियाणा, पंजाब, हिमाचल और चंडीगढ़ के यात्रियों के लिए अमृतसर, बठिंडा, व चंडीगढ़ से स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। अंबाला मंडल रेल प्रबंधक मनदीप सिंह भाटिया ने कहा कि अयोध्या के लिए अमृतसर, बठिंडा और चंडीगढ़ से स्पेशल ट्रेनों के साथ कुछ रेगुलर ट्रेनें चलाने की योजना पर भी काम चल रहा है। इसका जल्द ही शैड्यूल जारी किया जाएगा। यात्रियों की संख्या को देखते हुए टिकट के लिए एक्स्ट्रा काउंटर भी लगाए जा सकते हैं। डीआरएम भाटिया ने बताया कि अयोध्या के लिए कुछ स्पेशल ट्रेन होंगी तो कुछ रेगुलर ट्रेन चलेंगी। इनका जल्द शेड्यूल बनाकर जारी किया जाएगा।

उनके मुताबिक, अमृतसर, बटिंडा व चंडीगढ़ से स्पेशल ट्रेन चलाई जाएंगी। टिकट के लिए अलग से काउंटर लगाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वैसे तो 80 प्रतिशत लोगों का रुझान ई-टिकटिंग पर है लेकिन अगर जरूरत हुई तो एक्स्ट्रा काउंटर भी लगाए जा सकते हैं।

## खबर संक्षेप



यमुनानगर। न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पार्टी में भाग लेते हुए बच्चे।

### विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया प्रस्तुत

**यमुनानगर।** शहर के लक्ष्मी गार्डन स्थित न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में वीरवार को नव वर्ष के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम व पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान नर्सरी से पांचवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। स्कूल प्रबंधन की ओर से बच्चों को पेस्ट्री व टॉफियां वितरित की गई। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने किया।

### राजकीय विद्यालय कांजनू में प्रतियोगिता आयोजित

**रादौर।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय कांजनू में खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सरकारी स्कूल चमरोड़ी के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंग्रेजी प्रवक्ता पवन रोहिला ने बताया कि खंड स्तर पर कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। टेंसेस प्रतियोगिता में चमरोड़ी स्कूल के नितेश, मेघा, स्वामी व बुबका स्कूल की चाहत प्रथम स्थान पर रहे।

### साहिबजादों की याद में चलाया चाय व बिस्कुट का प्रसाद

**रादौर।** गुरूद्वारा सिंह सभा कमेटी की ओर से वीरवार को टेलीफोन एक्सचेंज चौक पर गुरु गोबिंद सिंह के परिवार के शहीदी दिवस पर चाय-बिस्कुट का प्रशाद वितरित किया गया। कमेटी के प्रधान सरदार सतनाम सिंह व निदेशक सरदार मेजर सिंह औजला के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सदस्यों ने बढ़चढ़ कर अपनी सेवाएं दी।

### कड़ाके की ठंड में ठिठुरने को मजबूर सैकड़ों लोग

**यमुनानगर।** भले ही प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा सभी को छत मुहैया करवाए जाने के दावे किए जा रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद सैंकड़ो लोग आज भी छत नसीब नहीं होने से फुटपॉथ पर सोने को मजबूर हैं। ट्विन सिटी में पांच रैन बसेरों का प्रबंध किया गया है। मगर रैन बसेरे भी कड़ाके की ठंड में गरीबों को राहत देने में कामयाब होते दिखाई नहीं दे रहे हैं। इस संबंध में हरिभूमि की टीम ने देर रात्रि शहर का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।

# नगर निगम की टीम ने खुले में गंदगी फैलाने वाले 12 दुकानदारों के काटे चालान

- अतिक्रमण करने वालों का जब्त किया सामान
- खुले में कचरा जलाने जा रहे फैक्ट्री संचालक ने दरोगा से की अभद्रता
- सीएसआई ने पुलिस को दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



नगर निगम यमुनानगर जगाधरी प्रशासन द्वारा शहर में खुले में गंदगी डालने व अतिक्रमण करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 12 दुकानदारों के चालान किए। वहीं,अतिक्रमण करने वालों का सामान जब्त किया। शादीपुर रोड पर एक फैक्ट्री संचालक द्वारा खुले में कचरा जलाने पर समझाया गया तो उसने सफाई दरोगा के साथ अभद्रता की। आरोप है कि उसने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। सीएसआई सुनील दत्त ने आरोपी फैक्ट्री संचालक के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है। नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा व अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार के निर्देशों पर खुले में गंदगी डालने व अतिक्रमण करने वालों पर जोन एक में सीएसआई हरजीत सिंह व जोन दो में सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में बनी टीम ने आज वार्ड नंबर 12, 15, 16 व 20 में अतिक्रमण करने व खुले में गंदगी डालने वालों पर कार्रवाई की। निगम की टीम ने रेलवे रोड, वर्कशॉप, रोड, आईटीआई, ससौली रोड, शादीपुर रोड व अन्य मार्गोर् पर यह अभियान चलाया। इस दौरान निगम की टीम ने अतिक्रमण करने वालों पर सख्ती दिखाई। जिन दुकानदारों ने सड़क पर कब्जा कर सामान रखा हुआ था। उसे जब्त कर निगम के वाहन में लोड किया गया। वहीं, दुकानदारों को समझाया गया कि सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण करने से आमजन को परेशानी होती है। सड़कों से वाहन निकलने में परेशानी होती है। जाम लगने की संभावना रहती है। साथ ही उन्हें खुले में कचरा फेंकने के नुकसान बताए और खुले में कचरा न डालकर निगम के वाहन में कचरा डालने की अपील की। इस दौरान खुले में कचरा डालने पर 12 दुकानदारों के चालान किए गए। शादीपुर रोड पर एक फैक्ट्री संचालक खुले में कचरा डालकर उसमें आग लगा रहा था। जब सफाई दरोगा ने उसे समझाया तो उसने उससे अभद्रता की। आरोप है कि इस दौरान फैक्ट्री संचालक ने सफाई दरोगा व अन्य कर्मियों से बहस करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद सीएसआई सुनील दत्त, एसआई गोविंद शर्मा व अन्य सफाई निरीक्षक पहुंचे।

#### शहर को स्वच्छ बनाने में सभी करें सहयोग

संयुक्त निगमायुक्त नीलम मेहरा ने कहा कि यह शहर हम सबका है। हम इसे साफ, सुंदर व स्वच्छ बनाने में सभी सहयोग करें। कोई भी शहरवासी खुले में कचरा न फेंके। रोजाना हर वार्ड में निगम के डोर टू डोर कचरा उठाने वाले वाहन आते हैं। कचरा केवल इन्हीं वाहनों में डालें। खुले में या नालियों में कचरा न फेंके। इसके अलावा यदि आपके आसपास गंदगी का ढेर है तो उसकी फोटो खींचकर सही पता समेत निगम के व्हाट्सएप नंबर पर भेजें। ताकि उसका उठान किया जा सके।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिले के आधा दर्जन गांवों में पहुंचने पर स्वागत

# हरियाणा सरकार समस्याओं का घर-द्वार पर पहुंचकर कर रही समाधान : कंवरपाल

- यात्रा के दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में शिक्षा मंत्री कंवरपाल समेत अन्य अतिथियों ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के स्कूल शिक्षा, वन एवं पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ऐसी सरकार है जो समस्याओं को खोजकर उनका लोगों के घरद्वार पहुंचकर समाधान कर रही है। उन्होंने उक्त शब्द वीरवार को जगाधरी विधानसभा के गांव पीरूवाला व फेरूवाला में यात्रा के दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में कहे। मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया और ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाई गई। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में सभी जगहों पर समान रूप से विकास कायोंर् को करवाने का काम किया जा रहा है। आज देश व प्रदेश निरंतर उन्नति के पथ की ओर अग्रसर हो रहा है। सरकार ने हर वर्ग के लिए चाहे वह किसान हो, मजदूर, महिलाएं हों, व्यापारी हो, कामगार हो के लिए कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित करके उन्हें धरातल पर लागू किया है।

मौके पर उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विद्यार्थियों व अन्य को सम्मानित भी किया। उन्होंने गांव फेरूवाला में मायाराम, धर्मवीर, मनीष कुमार, सुनील कुमार व नरेश कुमार को मौके पर लाल डोरा रजिस्ट्री वितरित की गई। समाज सेवी संजीव कुमार, रिंकू, अंकीत कुमार, सुरेन्द्र कुमार, सोनू राम, प्रवीन कुमार व विजेन्द्र कुमार को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार पूर्व सैनिक कुलबीर सिंह, रघुवीर सिंह व बिच्छा राम तथा स्कूली विद्यार्थियों सहजदीप, कुलजीत, समर, मंदीप व हर्षिता को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने 28 लाख रुपये की लागत से बनी सड़क का उद्घघाटन भी किया।







यमुनानगर। गांव पीरूवाला में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान विभागों द्वारा लगाई स्टॉलों का अवलोकन करते हुए शिक्षा मंत्री कंवरपाल व यमुनानगर के साढ़ौरा क्षेत्र के गांव नत्थनपुर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाए हुए पूर्व विधायक बलवंत सिंह। फोटो :हरिभूमि

#### चार गांवों में हुए जनसंवाद कार्यक्रम

*साढ़ौरा विधान सभा के गांव नत्थनपुर, बिजोली, बसातियांवाला व शाहपुर 302 में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि एवं पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनी। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीण रोशन लाल, सरीफ, मोहम्मद, महबूब, फुरकान, अली हसन, साबर अली, आलम को स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्रियां वितरित की। नरेश, मकसूद, तकी मोहम्मद, नसार, सीलेमान को सामाजिक सेवा के लिए सम्मानित किया गया।*

#### रादौर विधानसभा के अंटावा व खुर्दबन में भी पहुंची यात्रा

विकसित भारत संकल्प यात्रा वीरवार को रादौर विधानसभा के गांव अंटावा व खुर्दबन में भी पहुंची। जहां पर ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर पूर्व प्रदेश के राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज रहे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बन गई है। जो अब तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं। सरकार जनता के घर द्वार पर पहुंचकर उन्हें योजनाओं की जानकारी दे रही है और लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का अवलोकन भी किया। गांव अंटावा में मौके पर सरपंच रीना कुमारी को हर घर पेयजल भेजने पर सम्मानित किया गया।



यमुनानगर के रादौर क्षेत्र के गांव अंटावा में ग्रामीणों को रजिस्ट्रियां वितरित करते पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज।

### सगे भाई के हिस्से की जमीन दूसरों को बेची

**यमुनानगर।** वायु सेना से सेवानिवृत गांव सारण निवासी ज्ञान सिंह ने अपने दो भाइयों पर उसके हिस्से की जमीन दूसरों को बेचने का आरोप लगाया है। थाना छप्पर पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी दो भाईयों समेत गांव के ही पांच आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव सारण निवासी ज्ञान सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वायु सेना से सेवानिवृत्त है। देशराज और हंसराज उसके भाई हैं। उनके पास कुल 27 एकड़ जमीन है। पहले वह अंबाला में रहता था लेकिन अब अपने गांव में ही घर बना लिया है। भाईयों ने परिवार की जमीन में उसे हिस्सा देने से मना कर दिया। ठेके के रुपये भी नहीं देते थे। कई बार उसने इस बारे आरोपियों को कहा मगर उसको जमीन में हिस्सा नहीं दिया।

### शराब बेचने से रोकने पर युवक पर हमला

**यमुनानगर।** शहर की भीम नगर कॉलोनी में गली में शराब बेचने से रोकने पर दो युवकों ने विजय पर चाकू से हमला कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की भीम नगर निवासी विजय ने गांधीनगर पुलिस को शिकायत दी है कि 22 दिसंबर को वह रात के समय अपने मकान के बाहर खड़ा था। उनके मकान के पास सुमित गली में खड़ा होकर अवैध शराब बेच रहा था। उसने सुमित को शराब बेचने से रोका।



### ग्लोबल वार्मिंग के कारण गिर रहा पानी का जलस्तर : रजनी

***यमुनानगर।*** *जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं वासो के सौजन्य से छछरौली में एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक छछरौली के जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों ने भाग लिया। शिविर में पानी की शुद्धता जांचने के लिए फील्ड टेस्टिंग किट वितरित की गई। शिविर में विभाग की जिला सलाहकार रजनी गोयल ने कहा कि लगातार भूजल दोहन और ग्लोबल वार्मिंग के चलते पृथ्वी पर पानी का जलस्तर बहुत नीचे जा चुका है। हम सभी को मिलकर जल बचाने के सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने बताया कि जल एवं सीवरेज समिति के सदस्य इस बारे में अच्छा कार्य कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी अपने गांव के लोगों को जल बचाने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर उन्होंने जल एवं सीवरेज संबंधित शिकायत के निवारण के लिए टोल फ्री नंबर की जानकारी दी।*

# मेरी फसल, मेरा ब्योरा पोर्टल पर करवाएं रजिस्ट्रेशन

- उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने किसानों का किया आहवान



- मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मुख्यमंत्री बीमा योजना के तहत प्राकृतिक आपदा जैसे आंधी, तूफान, ओलावृष्टि, बादल फटना आदि के कारण होने वाले नुक्सान पर फलों की खेती पर प्रति एकड़ 40 हजार रुपये तक व सब्जियों व मसालों की फसल पर प्रति एकड़ 30 हजार रुपये क्लेम राशि प्रदान की जा रही है। उक्त जानकारी जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने वीरवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। उन्होंने किसानों को आहवान किया कि वह इस योजना का लाभ लेने के लिए मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाएं। ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि योजना के तहत लाभ उठाने के लिए रजिस्ट्रेशन में फलों की खेती पर एक हजार रुपये प्रति एकड़ व सब्जी व मसाले पर 750 रूपये प्रति एकड़ का प्रीमियम भुगतान करना होगा और फसल का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर भी पंजीकरण आवश्यक है। इस योजना में कुल लगभग 46 फसलों को जैसे फलों की फसलों किन्नू, बेर, लिची, अमरूद, खजूर, मालटा, आंवला व नींबू आदि शामिल हैं।

#### फसलों का इस अवधि में करवाएं बीमा

बागवानी बीमा योजना के तहत सब्जियों में आलू, गाजर, मटर, मूली, लहसुन, फूलगोभी के लिए 15 सितंबर से 31 जनवरी व रबी प्याज के लिए 15 दिसंबर से 31 जनवरी, भिंडी, बैंगन, शिमला मिर्च, कद्दू, तोरई, करेला, ककड़ी 15 जनवरी से 15 मार्च तक, खजूर के लिए 1 फरवरी से 31 मई, माल्टा, नींबू, संतरा, आंवला व अनार के लिये 1 मार्च से 31 मई तक पंजीकरण करवाना आवश्यक है।

#### प्राकृतिक नुकसान होने पर 72 घंटे के भीतर दें सूचना

बागवानी फसल बीमित किसान को प्राकृतिक नुकसान होने पर 72 घंटे के अंदर अंदर विभागीय पोर्टल पर सूचित करना अनिवार्य है । जिसके बाद फसल नुकसान का बागवानी विभाग द्वारा 7 दिन के अंदर भौतिक निरीक्षण करके आंकलन किया जायेगा। इस योजना के तहत 0.25 प्रतिशत कम फसल नुकसान पर कोई मुआवजा राशि नहीं दी जाएगी। सब्जियों व मसालों में 26 से 50 प्रतिशत हुए नुकसान में मुआवजा राशि 15 हजार रुपये, 50 से 75 प्रतिशत हुए नुकसान में मुआवजा राशि 22 हजार 500 रुपये व फलों में 30 हजार रुपये तथा 75 से 100 प्रतिशत हुए नुकसान में सब्जियों व मसालों में मुआवजा राशि 30 हजार रुपये व फलों में 40 हजार रुपये दिए जाएंगे।





यमुनानगर। राजकीय संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल जगाधरी में आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि मेयर मदन चौहान।

### प्लास्टिक हमारे स्वास्थ्य और धरती के लिए है हानिकारक : चौहान

***यमुनानगर।*** *ऑल इंडिया समाज सेवा केंद्र के तत्वावधान में राजकीय संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल जगाधरी में चल रही तीन दिवसीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी व प्रतियोगिता का समापन हो गया। कार्यक्रम में 18 स्कूलों के 129 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने विज्ञान, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी, लेख, निबंध, वाद विवाद व अन्य प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्यातिथि के रुप में नगर निगम के मेयर मदन चौहान ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में जिला संघ संचालक सेवाराम रहे। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।*

**मौसम** — दोपहर के समय भी दृश्यता कम होने से सड़कों पर रेंगते रहे वाहन

# घने कोहरे व शीतलहर के प्रकोप से घरों में दुबके लोग

- पिछले पांच दिन से जिले में धुंध का गहरा रहा प्रकोप
- तापमान गिरकर न्यूनतम छह डिग्री सेल्सियस पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले कई दिन से जिले में घने कोहरे व शीतलहर का कहर जारी है। वीरवार को भी जिले में घना कोहरा छाया रहने और शीतलहर चलने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। आलम यह रहा कि दोपहर तक सड़कों पर कुछ दिखाई नहीं दिया और वाहनों को लाइटें जलाकर किसी तरह अपने गंतव्य पर पहुंचना पड़ा। वहीं, कामकाज लोगों को अलाव सेंककर अपना कार्य निपटाना पड़ा। वहीं, ट्रेन व बसें भी अपने निर्धारित समय से देरी से अपने गंतव्य पर पहुंची। खास बात यह है कि कृषि वैज्ञानिकों ने घना कोहरा पड़ने गेहूं की फसल के लिए लाभदायक बताया है। वीरवार को अलसुबह से ही जिले में घना कोहरा छा गया और शीतलहर चलने लगी। जिससे मौसम में कंपकपाती ठंड बढ़ गई। आलम यह था कि सड़कों पर लोगों को चार फुट की दूरी पर भी वाहन व अन्य कोई वस्तू दिखाई नहीं दे रही थी। वाहन चालक लाइटें जलाकर सड़कों से गुजरने पर मजबूर थे। दोपहर तक जिले में कोहरे की वजह से जनजीवन अस्तव्यस्त रहा।





यमुनानगर। वीरवार को घने कोहरे में सड़कों पर लाइटें जलाकर गंतव्य पर पहुंचते वाहन चालक व स्टेशन पर धुंध में खड़े होकर ट्रेनों के आने का इंतजार करते यात्री। फोटो :हरिभूमि

#### ट्रेन व बसें भी गंतव्य पर देरी से पहुंची

*वीरवार को घनी धुंध की वजह से रेल यातायात भी काफी प्रभावित हुआ। यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर आधा दर्जन गाड़ियां अपने निर्धारित समय से आधा से एक घंटा देरी से पहुंची। जिससे यात्रियों को ट्रेनों की इंतजार में घंटो स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर बैठकर ठिठूरने को मजबूर होना पड़ा। वहीं, बसें भी अपने गंतव्य पर अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची।*

#### गेहूं के लिए कोहरा है वरदान

*कृषि विशेषज्ञ डॉ. सोमपाल सिंह ने बताया कि इन दिनों अधिक कोहरा छाया रहना गेहूं की फसल के लिए काफी लाभदायक है। क्योंकि कोहरा छाया रहने से मौसम में ठंडक बनी रहने से गेहूं की फसल में ग्रोथ बढ़ने की संभावना बनी रहती है। लेकिन सब्जी की फसलों पर कोहरे का प्रकोप पड़ने की संभावना है। उन्होंने आलू आदि की फसल में सप्ताह में कम से कम दो बार सिंचाई करने की सलाह दी।*





### विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ समाज सेवा के कार्यों में लेना चाहिए भाग : बहमनी

**यमुनानगर।** रैडक्रास सोसायटी द्वारा जगाधरी के एसडी स्कूल में चल रहा जूनियर रैडक्रास प्रशिक्षण का आज समापन हो गया। समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में जिला शिक्षा अधिकारी सुमन बहमनी ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता जेआरसी काउंसलर महेंद्र सिंह कलेर ने की। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में रैडक्रास समिति के सचिव रणदीप सिंह मौजूद रहे। मौके पर प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि एवं जिला शिक्षा अधिकारी सुमन बहमनी कहा कि समाज सेवा बहुत ही सराहनीय कार्य है। सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों को रेडक्रॉस से जुड़कर समाज सेवा के कार्य में भाग लेना चाहिए। शिक्षा के साथ-साथ सहगामी गतिविधियां भी बहुत जरूरी हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आहवान किया कि विद्यार्थियों में त्याग ,बलिदान, समाज सेवा व भाईचारा आदि के गुण रेडक्रॉस से जुड़कर आते हैं। इसलिए हमने रेडक्रॉस के साथ जुड़कर शिक्षा के साथ साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। इस प्रकार के शिविरों से विद्यार्थियों की प्रतिभा में निखार आता है।

## खबर संक्षेप



### किडनी रोग से बचाव के तरीके बताए

**शाहबाद।** मोहड़ी स्थित आदेश अस्पताल के किडनी रोग विशेषज्ञ डा. हिमांशु जैन ने कहा कि शुरूआती दौर में किडनी रोग के संकेत नहीं मिल पाते हैं जिस कारण यह रोग गंभीर रूप धारण कर लेते हैं। इसलिए हर व्यक्ति को एक वर्ष में एक बार किडनी की जांच अवश्य करवानी चाहिए ताकि अगर इसमें को कमी हो तो उसका उपचार शुरू किया जाए। डा. हिमांशु ने किडनी रोगियों को जागरूक करते हुए कहा कि लोगों का खानपान बिगड़ता जा रहा है और लोग फास्ट फूड की तरफ ज्यादा रूख कर रहे हैं।

### विद्यार्थी एकाग्र भाव से शिक्षा प्राप्त करें : ज्ञानानंद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर गीता ज्ञान संस्थानम में सात दिवसीय अन्तर्राज्यीय जूनियर रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर के पांचवे दिन की शुरूआत प्रार्थना, ध्वजारोहण व योग के साथ हुई। इस अवसर पर गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानन्द महाराज पहुंचे। शिविर निदेशक रामाशीष मंडल और संयुक्त शिविर निदेशक, विनीत गाबा ने गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज का शिविर में पहुंचने पर स्वागत व आभार प्रकट किया। इस अवसर पर महाराज जी ने कहा कि अच्छे और बुरे के प्रति विवेक अपने भीतर जागृत करें।

### आसमान में दिनभर छाई रही कोहरे की चादर, लोग घरों में कैद होने को मजबूर

# कोहरे व कड़ाके की ठंड से आमजन हुआ बेहाल,अस्पतालों में बढ़े मरीज

ठंड के कारण जगह-जगह अलाव तापते दिखाई दिए लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। आसमान में छाई धुंध। फोटो : हरिभूमि

सर्द हवाओं के चलते हाड़ कंपकंपा देने वाली ठंड ने आमजन का जीना बेहाल किया हुआ है। शीतलहर व घने कोहरे से हाड़ कंपकंपा देने वाली ठंड के चलते आम जनजीवन ठहर सा गया है। तापमान में गिरावट लगातार जारी है। ठंड के चलते लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकलने में कतरा रहे है। आम जनजीवन के साथ-साथ सड़कों पर दौड़ने वाली गाड़ियों की रफ्तार भी धीमी पड़ गयी है। ठंड के चलते रिक्शा चालक, ठेला चालक समेत मजदूरों को शहर पहुंचने लोग जगह-जगह अलाव जलाकर राहत ले रहे हैं। बर्फीली हवाओं के कारण दिन भर हाथ-पैर सुन रहने लगे है। धर्मनगरी में वीरवार को अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। ठंड के कारण खेतों में काम करने वाले मजदूर एवं किसान कृषि कायार्( को छोड़ अलाव का सहारा लेने पर मजबूर हुए। ठंड का सबसे ज्यादा असर रोज कमाने खाने वाले मजदूरों पर पड़ रहा है। ऐसे गरीब तबके के परिवारों पर शीतलहर व ठंडी कहर मुसीबत बनकर आ पड़ी है। ठंड बढ़ने से अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। अस्पताल में रोजाना वायरल संक्रमण से प्रभावित मरीज पहुंच रहे है। इसकी चपेट में आने वाले व्यक्ति के गले में दर्द, जुकाम, खांसी, बुखार, बदन दर्द होने जैसे समस्या होती है।

### धुंध व कोहरा गेहूं की फसल के लिए फायदेमंद

*पिछले कुछ दिनों से जहां मौसम में ठंडक बढ़ रही है वहीं धुंध व कोहरे का प्रभाव फसलों पर दिखाई देने लग पड़ा है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार आजकल कोहरा और धुंध गेहूं की फसल के लिए लाभदायक माना जा रहा है। जबकि कोहरे ने सब्जियों की फसल को भी प्रभावित करना शुरू कर दिया है। कृषि वैज्ञानिक डा. सी.बी. सिंह ने गेहूं के खेतों का निरीक्षण करते हुए कहा की कोहरे व धुंध के कारण गेहूं की फसल भरपूर होती है। साथ ही फसल पर हानिकारक कीटों का प्रभाव भी खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा कि दिसम्बर खत्म हो रहा है और जनवरी में सर्दी अधिक हो तथा कोहरा व धुंध छाए तो इससे गेहूं की फसल भरपूर होती है। कोहरे का सबसे अधिक प्रभाव मटर, गोभी, आलू, टमाटर और अमरूद आदि पर पड़ता है। कोहरे के कारण सब्जियों के उत्पादन पर असर पड़ता है। कृषि विशेषज्ञ डा. सी.बी. सिंह ने बताया कि गेहूं के भरपूर उत्पादन के लिए जहां कोहरा लाभदायक है। वहीं इस मौसम में हल्की बारिश भी गेहूं के लिए लाभदायक है। इस मौसम में खेतों में पानी जमा नहीं होना चाहिए। अगर कोहरे व धुंध के मौसम में खेतों में पानी जमा हो तो उसे तुरंत खेतों से निकालने की व्यवस्था करनी होगी। नहीं तो फसल अधिक प्रभावित हो जाती है। डा. सिंह ने कहा कि किसानों को गेहूं के खेत में दो बार से अधिक रासायनिक खाद का उपयोग नहीं करना चाहिए। इसके लिए किसानों को कृषि अधिकारियों की सलाह लेनी चाहिए।*



कुरुक्षेत्र। गेहूं के खेत में कृषि वैज्ञानिक डा. सीबी सिंह। फोटो : हरिभूमि

### पूरा शरीर ढकने वाले कपड़े पहनें : डा. पवन

बीएस हार्ट केयर अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक डा. पवन बंसल का कहना है कि सर्दी से बचाव के लिए पूरा शरीर ढकने वाले कपड़े पहनें। सिर, गले और कान को खासतौर पर ढकें। सर्दी, जुकाम, खांसी, फ्लू और सांस की अन्य बीमारियों से ग्रस्त रोगियों को सुबह-शाम भाप लेनी चाहिए। फ्लू के रोगी खांसते या छींकते समय मुंह पर हाथ रखें या रुमाल का प्रयोग करें। फ्लू के लक्षण होने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लें और घर में ही रहें। सांस के रोगी खासकर दमा के मरीज न सिर्फ सर्दी से बचाव करें बल्कि नियमित रूप से डॉक्टर के संपर्क में रहें। डॉक्टर की सलाह से अपने इनहेलर की डोज भी दुरुस्त कर लें। कई बार इनहेलर्स की मात्रा बढ़ानी होती है।

### सुबह की सैर नहीं करनी चाहिए

चिकित्सक डा. पवन बंसल के अनुसार सर्दी में सांस के मरीजों को सुबह की सैर नहीं करनी चाहिए। सुबह ठंडे पानी से न नहाएं। सांस के रोगियों को अलाव के धुंए से बचना चाहिए अन्यथा इससे उन्हें सांस का दौरा पड़ सकता है।

## न्यूज डायरी



### स्टाफ खेल टूनार्मेंट 2023 में शानदार प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** एनआईटी कुरुक्षेत्र की बैडमिंटन, टेबल टेनिस और शतरंज टीम ने हाल ही में भोपाल के एम.ए.एन.आई.टी. में आयोजित हुए ऑल इंडिया इंटर एन.आई.टी. फैकल्टी और कर्मचारी टूनार्मेंट पुरुष और महिलाएं 2023 में सफलतापूर्वक भाग लिया। इस टूनार्मेंट में, मैच टीम और ओपन इवेंट्स के तहत खेले गए थे। एन.आई.टी. कुरुक्षेत्र के प्रोफेसर पी. सी. तिवारी व प्रोफेसर जितेंद्र छाबड़ा ने पुरुष युगल स्पर्धा में 50 से अधिक आयु वर्ग में रजत पदक हासिल किया। प्रोफेसर जितेंद्र छाबड़ा ने पुरुष एकल स्पर्धा में 50 से अधिक आयु वर्ग में रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा, प्रोफेसर गौरव सैनी और प्रोफेसर नियति बलियान ने मिश्रित युगल स्पर्धा में 50 से कम आयु वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। एन.आई.टी. कुरुक्षेत्र की शतरंज और टेबल टेनिस टीम ने भी सार्थक प्रदर्शन किया।



### रोइंग इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने पुरुष-वर्ग में रोइंग इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में चैंपियनशिप पर कब्जा किया। उसके साथ ही पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में भी भगवान परशु राम महाविद्यालय के विद्यार्थियों का दबदबा रहा। टीम मैनेजर डॉ. दिलबाग सिंह ने बताया की विभिन्न इवेंट्स में महाविद्यालय के छात्र लक्ष्य ने 1 गोल्ड व 1 सिल्वर, रणदीप ने 1 गोल्ड व 1 ब्रोज, हिमांशु ने 1 सिल्वर, सविता ने 1 गोल्ड व सिल्वर तथा सुमन ने 3 सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शीश पाल ने कॉलेज के सभी खिलाड़ियों तथा टीम कोच मस्तान सिंह व मैनेजर डॉ. दिलबाग सिंह को बधाई दी।

### छात्राओं को दिए आत्मरक्षा के टिप्स



**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण मार्शल आर्ट्स संस्थान द्वारा डीएवी पब्लिक स्कूल में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर की स्वयं सेविकाओं के लिए सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सेविकाओं को सेल्फ डिफेंस की बेहद प्रभावी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। संस्थान के अध्यक्ष एवं मुख्य प्रशिक्षक राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्कशॉप में छात्राओं को मार्शल आर्ट्स की बेहद ही कारगर अलग अलग सेल्फ डिफेंस तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया जिनका प्रयोग भिन्न भिन्न स्तिथियों में करके आसानी से अपना बचाव किया जा सकता है। राजेश शर्मा ने कहा कि वर्कशॉप में सिखाई गई सेल्फ डिफेंस तकनीकों का अच्छे से अभ्यास करने के पश्चात छात्राएं न केवल विपरीत परिस्थितियों में असामाजिक तत्वों से अपना बचाव कर सकती हैं बल्कि उन्हें करारा सबक भी सीखा सकती हैं।



### श्री लक्ष्मी-नारायण मंदिर में श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

**थानेसर।** सन्निहित सरोवर स्थित श्री लक्ष्मी-नारायण मंदिर में बृहस्पतिवार को श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने पीले फल एवं वस्तुएं चढ़ाकर मन्नत मांगी। उड़ीसा के जगन्नाथ पुरी से पहुंचे श्रद्धालुओं ने लक्ष्मी जी अराधना की। श्री लक्ष्मी-नारायण के साथ श्रद्धालुओं ने कुबेरेश्वर महादेव का भी अभिषेक किया। मंदिर पुजारी स्वामी हरिनारायण गिरी ने बताया कि मंदिर में बृहस्पतिवार के दिन पीले वस्त्र व फल चढ़ाने का विशेष महत्व है। उड़ीसा के जगन्नाथ पुरी से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मनोकामना पूर्ण होने पर विशेष पूजा-अर्चनना की। जिस व्यक्ति की बृहस्पति की महादशा चल रही है वह मंदिर में सात बृहस्पतिवार को भगवान लक्ष्मी-नारायण की अराधना करने से घर में सुख समृद्धि आती है। इस अवसर पर जगन्नाथ पुरी से आए श्रद्धालु प्रकाश पांडा, सरिता मिश्रा, मधुसूदन पांडा, उषा पांडा, रामराज मिश्रा, सुखदेव पंडित व नेहा मिश्रा प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

### कुरुक्षेत्र रूट पर भी चलेंगी 2 वंदे भारत

**कुरुक्षेत्र।** विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को देश के रेल यात्रियों को एक बड़ी सौगात देने जा रहे है। इस सौगात के तहत देश में 8 ट्रेनें चलाई जाएंगी, जिसमें 2 अमृत भारत ट्रेन तथा 6 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन होंगी। इनमें से 2 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन कुरुक्षेत्र रूट पर भी चलेंगी। विधायक सुभाष सुधा ने प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को आनंद विहार टर्नीमल से अयोध्या धाम जंक्शन दरभंगा एवं मालदा टाउन सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल बैंगलूर के मध्य 2 अमृत भारत ट्रेनों को शुरू करने का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा 6 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी देकर रवाना करेंगे।

## सुरेश बने प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान

- सुरेश बीबीपुर पर खंड शाहबाद के राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की नवनियुक्त कार्यकारिणी।

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड शाहबाद का चुनाव राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहबाद में संपन्न हुआ। पर्यवेक्षक के रूप में नरेश फुले व दलीप सिंह ने कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू की। सबसे पहले वर्तमान प्रधान सुरेश कुमार द्वारा अपनी कार्यकारिणी की ओर से सभी साथियों का धन्यवाद किया और पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। उसके बाद अध्यापकों द्वारा सर्व सम्मति से नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू हुई। सबसे पहले प्रधान पद के लिए सदन में सहमति से सुरेश कुमार बीबीपुर को दोबारा प्रधान बनाया गया। उप प्रधान के तौर पर नरेंद्र नारायणगढ़, वरिष्ठ उपप्रधान के तौर पर संतोष रानी बीबीपुर, महासचिव के रूप मे धर्मवीर बकाना ,कोषाध्यक्ष प्रवीण किशन गढ़, ऑडिटर विनोद मालडा बीबीपुर, सहसचिव बलजीत डकाला, संरक्षक रवींद्र ढाढा, संयोजक सुधीर यारा, सलाहकार के तौर पर योगेश डलामाजरा, प्रेस सचिव रामेश्वर, संगठन सचिव अमित सुरखपुर,सुनीता डकाला आदि को नई कार्यकारिणी के रूप में सर्वसम्मति से जिम्मेदारी दी गई। य उन्होंने सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संगठन के साथ जुड़कर अपनी माँगों बल दें। इस अवसर पर जसमेर सिंह, अमन पॉल, वरुण शर्मा, अशोक पलवल, जय प्रकाश,राकेश कुमार, रवींद्र कलसाना, रमेश पलवल, देवदत्त आदि उपस्थित रहे।



### साहिबजादों की शहादत से सीख लेनी चाहिए: संदीप

**कुरुक्षेत्र।** पिपली के गांव बजीदपुर में दशम पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी व बाबा फतेह सिंह जी और माता गुजरी कौर के सर्वोच्च बलिदान की याद में गुरूवार को पाठ व लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी संदीप गर्ग ने पाठ में भाग लिया व लंगर में सेवा भी की। समाजसेवी संदीप गर्ग ने युवाओं से आह्वान किया कि वें नशे का त्याग कर गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा दिखाए आदर्शों को जीवन में अपनाएं और मानवता के लिए कार्य करे। वहीं समस्त ग्रामीण व सिख संगत द्वारा लगाए गए लंगर का शुभारंभ समाजसेवी संदीप गर्ग ने किया।

## सभी स्कूलों के आगे बनेंगे स्पीड ब्रेकर

- सभी राजकीय व प्राईवेट स्कूलों के आगे स्पीड ब्रेकर बनवाना सुनिश्चित करें अधिकारी : पिलानी
- राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध कटों को बंद करने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को संबोधित करते एडीसी अखिल पिलानी।

अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि जिले के सभी राजकीय और प्राईवेट स्कूलों के आगे आगामी 1 सप्ताह के अंदर-अंदर स्पीड ब्रैकर बनाए, साईन बोर्ड लगाए और मार्किंग कर के इनको पेंट भी करें, इसके अलावा राष्टद्रीय राजमार्ग पर जितने भी अवैध कट है, उन्हें भी एक सप्ताह के अंदर बंद करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने एसडीएम थानेसर को निर्देश किए कि वे टीम बनाकर इन कार्यों को चैक करें और तय समय सीमा के अंदर पूरा करवाएं। एडीसी अखिल पिलानी वीरवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में आरटीए विभाग द्वारा आयोजित जिला सडक सुरक्षा समिति व सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी तथा ब्लैक स्पॉट के संदर्भ में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले आरटीए सचिव विजय देसवाल ने सडक सुरक्षा समिति के विशेष एजेंडो की रिपोर्ट को हाउस के समक्ष रखा और आगामी एजेंडो पर चर्चा की गई। एडीसी ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में लोक निर्माण विभाग, लोकल अर्बन बॉडिज, मार्किटिंग बोर्ड की सभी टूटी सडकों की मुरम्मत करवाने का काम जल्द से जल्द किया जाए। जिन सडकों के टेंडर जारी हो चुके है, वो अपना काम शुरू कर दें।

### प्रदेश में महंगाई पहुंची चरम स्तर पर : निंदी

**थानेसर।** पूर्व नगर पार्षद नरेंद्र शर्मा निंदी ने कहा है कि बेरोजगारी और महंगाई से हर वर्ग का जीना बेहाल है। महंगाई के चलते लोगों के सामने घर का गुजारा चलाना मुश्किल हो चला है। वहीं दूसरी ओर बेरोजगारी के चलते युवा हताश है। युवा हताश होकर नशे की गर्त में जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार न मिलने के कारण युवाओं को विदेश की ओर रुख करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जहां महंगाई व बेरोजगारी चरम सीमा पर है वहीं प्रदेश में लगातार अपराध बढ रहे हैं। महिलाएं तक सुरक्षित नहीं है।





कुरुक्षेत्र। कांग्रेस की स्थापना दिवस पर कांग्रेस भवन कुरुक्षेत्र में ध्वजारोहण करते हुए पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा। फोटो : हरिभूमि

### कांग्रेस का 139 वां स्थापना दिवस मनाया

**कुरुक्षेत्र।** पूर्व मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा तथा लाडवा के विधायक मेवा सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस का 139 वां स्थापना दिवस जिला कांग्रेस भवन में मनाया गया। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने मिलकर ध्वजारोहण किया तथा कार्यकताअरं को बधाई दी। अपने संबोधन में अशोक अरोड़ा तथा लाडवा के विधायक मेवा सिंह ने कहा कि कांग्रेस की स्थापना ऐसे समय में हुई जब देश गुलाम था और अलग अलग भाषाओं और जातियों में बंटा हुआ था। आजादी की लड़ाई कांग्रेस के नेतृत्व में लड़ी गई। महात्मा गांधी ने लंबे समय तक आजादी की लड़ाई लड़ी और देश को आजाद करवाया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के पश्चात जब देश अनेक भाषाओं , अनेक प्रदेशो व जातियों में बंटा हुआ था, खाने के लिए अनाज बहार से मंगवाना पड़ता था। ऐसे समय में कांग्रेस ने देश की बागडोर संभाली और पंडित जवाहरलाल नेहरू प्रथम प्रधानमंत्री बने।



### विद्यार्थियों ने निकाली स्वच्छता अभियान रैली

**कुरुक्षेत्र।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से गतिमान श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल में चल रहे एन.एस.एस. कैंप में छात्राओं ने स्वच्छता अभियान रैली निकाली। इस रैली को हरी झंडी स्कूल की प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल द्वारा दी गई। उन्होंने कहा कि स्वयं सेविकाओं के इन छोटे-छोटे प्रयासों से ही हमारा देश स्वच्छ व हरा भरा रह सकता है। यह रैली लोहार माजरा गांव से निकाली गई जिसमें स्वयं सेविकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्वयंसेविकाओं ने इस दौरान आसपास के लोगों को स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी। लोगों ने स्वयं



### पिहोवा चीका सड़क निर्माण की करवाएं जांच

**पिहोवा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरमनदीप सिंह विर्क ने प्रदेश सरकार से माँग की कि पिहोवा - चीका रोड़ सड़क निर्माण की जाँच विजिलेंस से करवाई जाए। विर्क ने कहा कि पिहोवा- चीका रोड़ जिसका निर्माण अभी चंद दिन पहले ही हुआ है , जिस पर करोड़ों रूपए खर्च किए गए थे। अब उस सड़क की परतें उखड़नी शुरू हो गई हैं। हरमनदीप ने कहा कि कमीशनखोरी के चलते यह सब हुआ है। विर्क ने कहा कि पिहोवा हल्का विकास के मामले में पिछड़ चुका है। चुनाव के वक्त भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में पिहोवा से निकलने वाली सड़कों के फोरलेन करने व चौड़ा करने का वायदा किया था लेकिन चार साल बीत जाने के बाद भी कोई घोषणा पूरी नहीं हुई। पिहोवा- चीका रोड़ जो पिछले कई सालों से बदहाली के आसूँ बहा रही थी सरकार द्वारा अकेला इसका निर्माण किया गया लेकिन चंद दिनों में ही सड़क कमीशन की भेंट चढ़ गई व सड़क की परतें उखड़नी शुरू हो गई हैं। विर्क ने सरकार से सड़क के निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय व विजिलेंस जाँच कराने की माँग की। विर्क ने कहा कि पिहोवा हल्के की अनेकों सड़कों का बुरा हाल है जिससे राहगीरों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### यात्रा पहुंचते ही जयश्रीराम के उद्घोष से गूंजी धर्मनगरी

## अक्षत लेकर पहुंची यात्रा का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



अयोध्या से लाए गए पूजित अक्षत को निमंत्रण के रूप में घर-घर पहुंचाने से पहले धर्मनगरी में एक भव्य यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा के जरिए पूजित अक्षतों के कलश को विभिन्न कॉलोनियों के मंदिरों में पहुंचाया गया। यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश रखकर शामिल हुई, तो लोगों ने श्रीराम की तस्वीर और जयश्रीराम लिखे भगवा झंडों को लेकर यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान जयश्रीराम के उद्घोषों से धर्मनगरी गूंज उठी और पूरा माहौल राममयी बन गया। जगह-जगह स्वागत के लिए शहर के लोग उमड़े। शास्त्री नगर पहुंचने पर यात्रा का शास्त्री नगर सुधार सभा के प्रधान जितेंद्र शर्मा, सचिव सुभाष अरोड़ा, कैशियर प्रवीण गोयल, मीडिया प्रभारी तरुण वधवा, सदस्य पवन गुप्ता, वीरेंद्र शौरी, भूदेव, विमल गर्ग, बीआर पुंज, चेतराम शर्मा, बंटी रजावत, शमशेर, सुभाष गुप्ता, राजेश गोयल, शुभम गोयल व दीपक बंसल सहित शास्त्री नगर निवासियों ने ढोल धमाकों व फूलों की वर्षा से जोरदार स्वागत किया। महिलाओं ने कलश को सिर पर रखा और शास्त्री नगर में हरिओम मंदिर तक भव्य यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान रामभक्ति में डूबे लोग लगातार राम के भजन गाते रहे। अक्षत के कलश को मंदिर में ले जाकर एक विशेष स्थान पर रखा गया। मंदिर के पुजारी अरुण मिश्र ने कलश की पूजा की और राम भक्तों को लड्डू का प्रसाद वितरित किया। पुजारी अरुण मिश्र ने निवासियों से अपील की है कि वे 22 जनवरी को अपने घरों में दीये जलाकर दीपावली मनाएं।



### जजपा ने की एससी सेल कुरुक्षेत्र की घोषणा

**कुरुक्षेत्र।** जननायक जनता पार्टी ने कि एस.सी सैल कुरूक्षेत्र जिला कार्यकारिणी घोषणा की। जेजेपी कुरुक्षेत्र एस.सी सैल जिला अध्यक्ष जगमाल सिंह गोलपुरा ने बताया कि पार्टी शीश नेतृत्व और कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष कुलदीप जखवाला से विचार विमर्श करने के बाद कुरुक्षेत्र जिले की कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिराराम, उपाध्यक्ष चमन लाल उपाध्यक्ष गौरव, उपाध्यक्ष,रूपचंद,उपाध्यक्ष अमरजीत, उपाध्यक्ष अक्षय कुमार, प्रधान महासचिव वीरेंद्र कुमार, महासचिव अभिषेक मेहरा, महासचिव गुलशन कुमार,महासचिव राजीव कुमार, महासचिव अजयकुमार, महासचिव बलकार, महासचिव गौरव,सचिव संजय कुमार, सचिव पवन कुमार,सचिव जसविंदर,सचिव कृष्ण, सचिव संदीप, सचिव विजय,संगठन सचिव रणजीत सिंह,प्रचार सचिव हरप्रीत सिंह,मेंबर मनीष कुमार, मेंबर विकास,मेंबर जसवंत,मेंबर महेंद्र राठी,मेंबर सतवीर, मेंबर सुनील कुमार, मेंबर संजीव, मेंबर सनी, मेंबर महेंद्र सिंह, मेंबर रमेश कुमार,मेंबर राजेंद्र, मेंबर कर्मवीर,मेंबर प्रवीण कुमार,मेंबर कुलवंत, मेंबर रिषी पाल बनाए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### सदर बाजार चौक पर संगत की सेवा की

**अंबाला।** चार साहिबजादों व माता गुजरी की शहीदी को समर्पित नागरिक मंच के प्रधान ओंकार नाथी, पूर्व पार्षद बाबू कनौजिया, नवीन यादव व हर्ष रत्रा समेत अन्य सदस्यों ने सदर बाजार चौक पर संगत की सेवा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माता गुजरी और दोनों छोटे साहिबजादों के संस्कार की व्यथा इतिहास में दर्ज है कि उन्हें शहीद करने के बाद नवाब वजीर खान ने उनके शरीरों को ठंडे बुर्ज के पास बहती हंसाली नदी के साथ लगते जंगल में गिरवा दिया।

### इंद्रदेव प्रधान और नवीन उप-प्रधान नियुक्त किए

**अंबाला।** आर्य गर्ल्स कॉलेज में प्रबंधक समिति के चुनाव में इंद्रदेव गुप्ता को प्रधान, नवीन शर्मा उप-प्रधान, डॉ. विवेकशील मल्होत्रा को महासचिव, ओपी सिंघल को कैशियर नियुक्त किया गया। चुनाव रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. अनुपमा आर्य, डॉ. नरेंद्र सिंह , डॉ. अजीत सिंह एसडीएम की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यकारिणी ने सभी का आभार जताया।

### राहुल की भारत न्याय यात्रा से होगा बदलाव

**अंबाला।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट व किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हरबीर सिंह महल ने कहा कि कांग्रेस के वरष्ठि नेता और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में 14 जनवरी को मणिपुर से 6,200 किलोमीटर की भारत न्याय यात्रा शुरू करेंगे। यह 14 राज्यों के 85 जिलों से होते हुए 20 मार्च को इस यात्रा का समापन मुंबई में होगा। भारत न्याय यात्रा देश के लोगों को आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक न्याय दिलाने के लिए होगी।

### गांव अधोया में हेल्थ चैकअप कैंप 31 को

**बराड़ा।** गांव अधोया में दक्षिणमुखी श्री पंचमुखी हनुमान व खाटूश्याम जी मंदिर अधोया के प्रांगण में 31 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निशुल्क फिजियोथैरेपी शिविर लगाया जा रहा है। इस कैंप में कृष्णा पैथोलॉजी लैब द्वारा फुल बॉडी चेकअप केवल 249 रुपये में किया जाएगा। मंदिर समिति के पदाधिकारी बृजेश बंसल ने स्थानीय लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस कैंप का लाभ उठाने की अपील की है।

### भाषण प्रतियोगिता में पल्लवी ने मारी बाजी

**बराड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल बराड़ा के विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय गीता जंयती महोत्सव पर खंड व जिला स्तर पर पेंटिंग, निबंध लेखन, श्लोक उच्चारण, संवाद तथा भाषण आदि विभन्नि प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन करके खंड व जिला स्तर के पड़ाव को पार किया और पुरस्कार प्राप्त कर अपना वर्चस्व स्थापित किया। भाषण प्रतियोगिता में आठवीं कक्षा की छात्रा पल्लवी शर्मा ने खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### असलहा के साथ फोटो अपलोड करना पड़ा भारी

**जींद।** इंस्टाग्राम अकाउंट पर असलहा के साथ फोटो अपलोड करने पर जिला पुलिस ने तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। संबंधित थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि इंस्टाग्राम पर कुलबीर पेगां के नाम से आईडी बनी हुई है।

### नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए चलाया अभियान

**कैथल।** जहां पर जिला पुलिस द्वारा आमजन को नशा के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, वहीं पर एसपी उपासना के निर्देशानुसार पुलिस नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए निरंतर प्रयासरत है। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने बताया कि इस मुहीम तहत एंटी नारकोटिक सैल द्वारा गांव खरकां में संदिग्धों के घर पर नियमानुसार जांच की गई।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** बिशंभर नगर से युवती के गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ बंधक बनाने का मामला दर्ज किया है।

बिशंभर नगर निवासी एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी है।

# जत्थेदार की कांग्रेस में होगी घर वापसी, आप से पिता-पुत्री ने दिया इस्तीफा

- उत्तरी हरियाणा में आप के मजबूत स्तंभ ढहे, 5 को दिल्ली में करेंगे ज्वाइनिंग, इस्तीफे में निजी कारण

डॉ. अशोक अंटवाल ⏭ अंबाला



**अंबाला।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पूर्व मंत्री निर्मल सिंह व उसकी बेटी व बेटे को पार्टी ज्वाइन करवाते हुए। *फाइल फोटो।*

उत्तरी हरियाणा में आम आदमी पार्टी के मजबूत स्तंभ ढह गए हैं। पूर्व मंत्री निर्मल सिंह व उनकी बेटी चित्रा सरवारा ने पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया है। जत्थेदार के नाम से मशहूर निर्मल सिंह के अब अपनी बेटी के साथ 5 जनवरी 2024 को कांग्रेस में वापसी करेंगे। ऐसे में दोनों नेताओं की घर वापसी से अंबाला शहर व अंबाला छावनी विधानसभा सीट पर कांग्रेस मजबूत स्थिति में आ जाएगी। पिछले विधानसभा चुनाव में इन सीटों पर पिता-पुत्री निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर करीब एक लाख वोट ले गए थे। इसी वजह से दोनों सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी।

### चार बार विधायक रहे है जत्थेदार

पूर्व निर्मल सिंह राजनीति के मजबूत खिलाड़ी हैं। वे नग्गल विधानसभा सीट से 4 बार कांग्रेस के विधायक (1982, 1991, 1996 व 2005) रहे हैं। इसके बार उन्हें सरकार में बतौर कैबिनेट मंत्री जनता की सेवा करने का मौका भी मिला। बाद में नग्गल विधानसभा को खत्म कर दिया था। तब निर्मल सिंह को अंबाला छावनी विधानसभा से राजनीति शुरू करनी पड़ी। इस सीट पर निर्मल सिंह को जीत नसीब नहीं हुई। दो बार वे खुद व एक बार बेटी चित्रा सरवारा इस सीट से चुनाव हार गई। 2019 में कांग्रेस ने निर्मल सिंह को कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से मैदान में उतारा था लेकिन उन्हें हार झेलनी पड़ी।

### निजी कारण बताया

आप से इस्तीफा देने की कोई ठोस वजह नहीं है। निजी कारण इस्तीफे की वजह हैं। नए साल पर पांच जनवरी को प्रधान जी बेटी के साथ कांग्रेस ज्वाइन करेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व केसी वेणुगोपाल ने पार्टी की सदस्यता दिलवाएंगे।
**-नितिन भाटिया,**
मीडिया प्रभारी, पूर्व मंत्री निर्मल सिंह

### टिकट नहीं मिली तो निर्दलीय लड़े चुनाव

कार्यकर्ताओं में निर्मल सिंह प्रधान जी के नाम से मशहूर हैं। निरंतर हार के बावजूद निर्मल सिंह का कद कांग्रेस में मजबूत रहा है। 2019 लोकसभा चुनाव से पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस की दिग्गज नेता कुमारी सैलजा से निर्मल सिंह के रिश्ते खट्टे हो गए। जबकि पहले दोनों नेता एक दूसरे के बेहद करीब थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में अंबाला सीट से मिली हार से सैलजा बेहद खफा थी। कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे निर्मल सिंह व उनके समर्थकों ने अंबाला सीट पर कुमारी सैलजा की मदद नहीं की। इसी वजह से दोनों के बीच सियासी दुश्मनी हो गई। हार के बावजूद पार्टी हाईकमान ने कुमारी सैलजा को प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। इसके बाद कुमारी सैलजा की अगुवाई में हुए विधानसभा चुनाव में निर्मल सिंह व उनकी बेटी को सैलजा ने टिकट देने से इंकार कर दिया। तब निर्मल सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर खुद अंबाला शहर व बेटी चित्रा को अंबाला छावनी से चुनाव मैदान में उतारने का ऐलान कर दिया। तब कांग्रेस ने दोनों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया । हालांकि दोनों सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों के समीकरण बुरी तरह बिगड़ गए। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर पिता-पुत्री दोनों सीटों पर एक लाख वोट ले गए। जबकि अंबाला छावनी सीट पर कांग्रेस को दस हजार व अंबाला शहर सीट पर 20 हजार वोट ही मिल पाए।

### फिर फ्रंट के जरिए शुरू की राजनीति

विधानसभा चुनाव में हार के बाद पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने राजनीति के लिए हरियाणा डेमोक्रेटिक फ्रंट का निर्माण किया। इसी फ्रंट के बैनर तले उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को नगर निगम का चुनाव लड़वाया। निगम चुनाव में फ्रंट की मेयर प्रत्याशी अमीषा चावला तीसरे स्थान पर रही जबकि सदस्य की दो सीटों पर फ्रंट ने बाजी मारी। हालांकि बाद में दोनों सदस्य भाजपा में शामिल हो गए जबकि अमीषा चावला भी फ्रंट छोड़कर कांग्रेस में वापिस आ गई। पंजाब में आम आदमी पार्टी को मिले प्रचंड बहुमत के बाद अप्रैल 2022 में पूर्व मंत्री नर्मिल सिंह बेटी चत्रिा सरवारा के साथ आप में शामिल हो गए। खुद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने दोनों को पार्टी ज्वाइन करवाई थी। इसके बाद दोनों नेताओं को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी भी दी थी। इस जम्मिेदारी के दम पर ही जिला परिषद चुनाव में आप के तीन प्रत्याशी जीत का परचम लहराने में कामयाब रहे।

### हुड्डा के करीबी पर सैलजा से सियासी दुश्मनी

पूर्व मंत्री निर्मल सिंह की गिनती प्रदेश के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबियों में होती है। पार्टी से निकाले जाने के बाद भी कई बार भूपेंद्र हुड्डा व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा की निर्मल सिंह से मुलाकात होती रही। माना जा रहा है कि अब हुड्डा परिवार के जरिए ही निर्मल सिंह की दोबारा कांग्रेस में एंट्री हो रही है। किस शर्त पर दोनों नेताओं की एंट्री हो रही है इसका अभी तक पता नहीं चला है।

## सिरसा से आए फरियादी ने अनिल विज के दरबार में लगाई न्याय की गुहार

# गृहमंत्री ने दिया हत्या के मामले में एसआईटी गठित करने का निर्देश

### गृहमंत्री ने जांच के बाद रिपोर्ट पेश करने की बात कही

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** गृहमंत्री आवास के बाहर लगी लोगों की लाइनें। *फोटो : हरिभूमि*

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने वीरवार को भी अपने आवास पर लोगों की शिकायतें सुनकर कार्रवाई के आदेश दिए। सिरसा से आए फरियादी ने बताया कि उसकी पोती के मृत्यु के मामले में पुलिस ने अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने बताया कि उनकी बहू बेटे की मृत्यु के बाद अलग रह रही थी। उन्हें जानकारी मिली की पोती की हत्या हो गई है। पुलिस ने इस संबंध में हत्या का मामला तो दर्ज किया लेकिन कार्रवाई नहीं की गई है। विज ने मामले की छानबीन के लिए एसआईटी गठित करने के दिशा-निर्देश दिए। इसी तरह हिसार से आए फरियादी ने बताया कि उसके बेटे की कुछ दिनों पूर्व उसके ही दोस्तों ने नशा देकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने केस दर्ज करने के बावजूद अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। मामले में एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए। इस मामले में नॉरकोटक्सि कंट्रोल ब्यूरो को छानबीन के निर्देश दिए।करनाल से आए सब्जी मंडी के आढ़ती ने बताया कि उसके पास काम करने वाले मुनीम ने उसके साथ ही डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी की है। उसने बताया कि अलग-अलग दिनों में कंपनी की पेमेंट जालसाजी ने मुनीम ने निकलवाई। मामले में सीआईए करनाल को जांच के निर्देश दिए। महेंद्रगढ़ से आई महिला ने पति पर मारपीट करने व उसे प्रताड़ित करने के आरोप लगाए, पंचकूला से महिला फरियादी ने उसके पति पर फर्जी केस दर्ज होने की शिकायत दी। उसका आरोप था कि एक अन्य महिला ने उसके पति पर झूठा केस दर्ज कराया है। जींद से आए व्यक्ति ने उसकी बेटी के कई दिनों से लापता होने की शिकायत दी। छावनी के फरियादी ने उसके बेटे को सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर 2 लाख ठगी करने के आरोप लगाए।

सभी शिकायतों पर विज ने कार्रवाई के आदेश दिए। पंचकूला के गांव खेड़ी से आए फरियादी ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा बड़े टप्पिरों व ट्रकों के माध्यम से क्षेत्र में अवैध खनन किया जा रहा है। भारी वाहनों की वजह से रोड किनारे उसके घर की दीवारों में दरारें तक आ गई है।

एनफोर्समेंट ब्यूरो को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। कैथल निवासी व्यक्ति ने उसकी जमीन पर लोगों द्वारा नाजायज कब्जा करने व जमीनी विवाद में एसडीएम कोर्ट के ऑर्डर नहीं मानने की शिकायत दी। सोनीपत के व्यक्ति ने उसके घर में लाखों की चोरी होने व चोरों के पकड़े जाने के बावजूद सामान की रिकवरी नहीं होने की शिकायत दी। गृह मंत्री ने पुलिस कमश्निर को फोन कर मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए।



**अंबाला।** कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्यअतिथि व रंगारंग प्रस्तुतियां देते छात्र।

# नर्सरी के विद्यार्थियों ने दिखाए कला के जौहर

- मुरलीधर डीएवी स्कूल के छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मचाया धमाल, जमकर लूटी वाहवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल मे वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। गीता जयंती के उपलक्ष्य मे ही इसका विषय अभ्युत्थानम रखा गया। पहले दिवस के वार्षिक उत्सव के मुख्यअतिथि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन प्रोफेसर चमनलाल गुप्ता रहे। जबकि विशेष अतिथि डॉ. विवेक कोहली रहे। वद्यिालय के प्रधानाचार्य व (सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. आरआर सूरी व स्थानीय प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा पुष्प माला पहनाकर वद्यिालय के द्वार पर स्वागत किया गया। तत्पश्चात वद्यिालय के छात्रों द्वारा हवन व विभन्नि क्लब रोबोटक्सि, इको, लीगल लिटरेसी क्लबों द्वारा विभन्नि गतिविधियां, आर्टिफीसियल इंटेलीजेंसी व कोडिंग प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया। हेरिटेज क्लब द्वारा हमारी भारतीय संस्कृति धरोहर प्रदर्शित की गई। रथ पर श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को गीता उपदेश देते हुए रथ पर झांकी प्रस्तुत की गई।

स्कूल के बैंड द्वारा वद्यिालय के प्रांगण द्वार पर लाकर छात्रों द्वारा तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया और वद्यिालय के प्रांगण मे प्रवेश कराया गया। गायत्री मंत्र द्वारा ज्योति प्रज्वलन करते हुए डीएवी गान गा कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। सूरी द्वारा मुख्य व विशेष अतिथि को पुष्प गुच्छ प्रदान कर वद्यिालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी गई।

### मेधावियों का सम्मान

विशेष अतिथि डॉ विवेक कोहली ने कहा कि डीएवी संस्थाएं लगभग 137 वर्षों से चली आ रही है। मुरलीधर के छात्र न केवल शिक्षा मे बल्कि खेल-कूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे भी सबसे आगे रहते हैं। उन्होंने कार्यक्रम की जमकर प्रशंसा की। नर्सरी से पांचवीं तक के मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। सूरी द्वारा मुख्य अतिथि व विशेष अतिथि का हार्दिक आभार प्रकट करते हुए प्रेम स्वरूप स्मृति चिंह भेंट किये व राष्ट्रीय गान द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।

# कांग्रेस दल नहीं बल्कि विचारधारा का नाम

- कांग्रेस के स्थापना दिवस पर एकजुट होने का किया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा




**बराड़ा।** कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते विधायक वरूण चौधरी।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 138 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष पर मुलाना हल्के के गांव दुराना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें मुलाना विधायक वरुण चौधरी ने शिरकत कर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी। विधायक ने कांग्रेस पार्टी के इतिहास पर बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की स्थापना 28 दिसम्बर 1885 को मुंबई में हुई थी। डब्ल्यूसी बैनर्जी कांग्रेस के पहले अध्यक्ष बने। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में देश में सामाजिक सद्भाव का नया वातावरण तैयार करने पर जोर दिया। कांग्रेस एक दल ही नहीं बल्कि एक विचार और आंदोलन का नाम है, इसलिए 1381 साल बाद भी इस विचार की यात्रा अनवरत जारी है। उन्होंने कहा कि इस पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या, बलिदान, समर्पण और शहादत का एक लंबा इतिहास रहा है, जिससे न केवल देश को आजादी मिली, बल्कि लोकतांत्रिक जनचेतना भी मजबूत हुई। विधायक ने कहा कि हम लोग जिस आत्मनर्भिर भारत की बात करते हैं, उसकी नींव भी देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और राष्ट्र की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जमाने में ही रखी जा चुकी है।

# पांच में से एक महिला पीसीओएस से पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़



- उच्च रक्तचाप और अन्य स्वास्थ्य जटिलताओं का खतरा

डॉ. वंदना मित्तल सिंगला

प्रजनन आयु में महिलाओं की बढ़ती संख्या पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम (पीसीओएस) नामक हार्मोनल विकार से पीड़ित है। गायनेकोलॉजिस्ट का कहना है कि अनुमानतः पाँच में से एक भारतीय महिला पीसीओएस से पीड़ित है। पारस हेल्थ में सीनियर कंसल्टेंट ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी डॉ. वंदना मित्तल सिंगला ने कहा कि पीसीओएस कोई बीमारी नहीं है, बल्कि एक ऐसी स्थिति है जो अलग-अलग तरीकों से प्रकट हो सकती है। युवा महिलाएं अनियमित मासिक धर्म से पीड़ित हो सकती हैं, हिर्सुटिजम (अवांछित पुरुष-पैटर्न बालों का विकास) और मोटापे का अनुभव कर सकती हैं जबकि अधिक आयु वर्ग में, यह बांझपन, गर्भपात के जोखिम और बहुत कुछ का कारण बन सकता है। डॉ. वंदना ने कहा कि पीसीओएस से पीड़ित महिलाओं में मधुमेह, उच्च रक्तचाप और अन्य स्वास्थ्य जटिलताओं का खतरा अधिक होता है। उन्होंने कहा कि एक आदर्श बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) 25 है, लेकिन जब कोई मोटा होता है, तो बीएमआई 27-28 से ऊपर चला जाता है और यह चिंताजनक हो जाता है।डॉ. वंदना ने आगे कहा कि ज्यादातर महिलाएं पीसीओएस के सामान्य लक्षणों को नजरअंदाज कर देती हैं और डॉक्टर के पास तभी जाती हैं जब उन्हें गर्भधारण करने में परेशानी होती है। पीसीओएस खराब जीवनशैली की आदतों से उत्पन्न होता है लेकिन इसके दुष्प्रभाव भी होते हैं और इसका इलाज किया जाना चाहिए। डॉ. वंदना का कहना है कि पीसीओएस मोटापे से ग्रस्त महिलाओं में आम है। लगभग 80% पीसीओएस रोगी मोटापे से ग्रस्त हैं। शहरी भारतीय महिलाएं अपनी खराब जीवनशैली, खान-पान की आदतों और शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण अधिक जोखिम में हो सकती हैं।

## एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

# कांग्रेसियों ने झंडा फहराकर मनाया स्थापना दिवस

- समाज के हर वर्ग को साथ जोड़ने का भी किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** कांग्रेस भवन में एकजुट कांग्रेसी, झंडा फहराने के बाद लड्डू बांटते कार्यकर्ता।

कांग्रेस की ओर से वीरवार को अंबाला शहर व छावनी में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान कांग्रेसियों ने एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने का भी संकल्प लिया। अंबाला शहर के कांग्रेस भवन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से स्थापना दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया। कांग्रेस सेवादल के प्रधान कुलदीप सिंह गुल्लू तथा उपप्रधान हरजीत सिंह बब्बल ने किया की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया । कार्यक्रम की अध्यकता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने की। मंच संचालन देवेंद्र बजाज ने किया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पार्टी संगठन को मजबूत बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी न रुकी है ना किसी के रोके से रुकेगी। रोहित ने कहा कि कांग्रेस अपने गौरवशाली इतिहास को संजोए अब 138 वर्ष की हो चुकी है। कांग्रेस की स्थापना 72 प्रतिनिधियों की उपस्थिति के साथ 28 दिसंबर 1885 को मुंबई के गोकुल दास तेजपाल संस्कृत महावद्यिालय में हुई थी।

### पार्टी स्थापना दिवस पर मिठाई बांटी

**अंबाला।** कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार की अगुवाई में अंबाला छावनी में भी पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। लड्डू बांटे गए। साथ ही सेवा दल के वरष्ठि नेताओं को याद कर उनके पदों चिंहों पर चलने की शपथ ली। इस मौके पर महिला कांग्रेस सेवा दल की प्रदेश सचिव अनिका शुक्ला शर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष गौरी शर्मा, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वेणू अग्रवाल, पूर्व पार्षद परविंदर सिंह परी, पूर्व डप्टिी मेयर सुधीर जायसवाल, पूर्व युवा अध्यक्ष मनीष राणा, पूर्व प्रदेश सचिव सतीश कनौजिया, उपाध्यक्ष पंकज शर्मा, महासचिव अजय कुमार, विजय पप्पल, महासचिव अमरनाथ, नरेश गर्ग, कमल गुप्ता व राकेश कुमार भी मौजूद रहे।

# स्कूल मुखियों को बाल सुरक्षा कानूनों की मिलेगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

- जनवरी की छुट्टियों में दिया जाएगा प्रशिक्षण

शिक्षा विभाग की ओर से सभी स्कूलों के मुखियों को बाल सुरक्षा, पोक्सो एक्ट, सेक्सुअल हार्समेंट के विषयों के बारे में ट्रैनिंग देकर जागरूक किया जाएगा। स्कूल मुखियों को ट्रेनिंग देने के लिए डाईट अंबाला में जिले भर के एबीआरसी व बीआरपी को दो दिन का प्रशिक्षण मिल चुका है। स्कूल शिक्षा विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में इस ट्रेनिंग का आयोजन करवाया गया। अब प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके बीआरपी व एबीआरसी स्कूल मुखियों की ट्रेनिंग करवायेगें। यह ट्रेनिंग ब्लॉक स्तर पर आयोजित होगी जिसमें एबीआरसी व बीआरपी मुख्य प्रशक्षिक की भूमिका निभायेगें। प्रदेश के स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के साथ यौन शोषण के कई मामले सामने आने के बाद विभाग ने यह कदम उठाया गया है। इस ट्रेनिंग कार्यक्रम में टीचरों को बच्चों से जुड़े कानूनों की जानकारी दी जाएगी। बीईओ प्रमोद राणा ने बताया कि इस ट्रेनिंग में सब स्कूलों के मुखिया भाग लेगे। यह ट्रेनिंग बैच वाइज होगी। इसके लिए आगामी एक दो दिनों में शैडयूल बना दिया जाएगा।